तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 7 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 गजराज दल का आतंक : घर में घुसकर विधवा को कुचल डाला, इलाके में दहशत






## हरिभूमि की खबर का असर, स्वास्थ्य केन्द्रों में लोगों को मिलेगी राहत

# वर्षों से बंद पड़ी सीबीसी मशीनें फिर से हुई शुरू, हटाया गया लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरिभूमि द्वारा प्रसारित खबर का असर हुआ है और अब स्वास्थ्य केंद्रों में एक बार फिर से लोगों को ब्लड जांच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। वर्षों से अस्पतालों में धुल फांक रही सी बी सी मशीनों को शासन के निर्देश पर एक बार फिर से बनवाकर चालु कर दिया गया है और री एजेंट की सप्लाई भी निजी कंपनी की ओर से की जा रही है। इन मशीनों के शुरू होने से स्वास्थ्य विभाग ने भी राहत की सांस ली है और अब करोड़ो रूपए की मशीनें उपयोग में आ रही है।

**खास बात**

■ मरीजों को नहीं मिल पा रही थी जांच की सुविधा

खबर का असर

दरअसल स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा निजी कंपनी से अनुबंध कर सीबीसी मशीनों की सप्लाई कराई गई थी। इन आधुनिक मशीनों के माध्यम से कुछ ही देर में मरीज के रक्त जांच की रिपोर्ट उसके हाथ में मिल जाती थी लेकिन बाद में अचानक ही जिले की अनेको मशीनें बंद हो गई। इसे लेकर जो जानकारी सामने आई थी उसके मुताबिक प्रदेश भर में सीबीसी मशीन सप्लाई करने वाली कंपनी और शासन के बीच री-एजेंट सप्लाई को लेकर विवाद चला और इसी विवाद में कंपनी ने लोगों ने मशीनों में अपना पासवर्ड डालकर लॉक कर दिया। मशीनों के लॉक होने के बाद इन मशीनों में जांच पूर्ण रूप से बन्द हो गई। मशीनों में जांच बन्द होने से लोगों अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था इसके साथ ही उन्हें मजबूरन निजी क्लीनिक में जाकर पैसे देकर अपनी जांच करानी पड़ रही थी। वर्षों से बंद पड़ी मशीनों के कारण हो रही समस्या और करोड़ो की मशीनों के धूल फांकने की खबर को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने शासन को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था जिसके बाद शासन ने मशीनों को फिर से शुरू करने के लिए पहल की थी।



सीबीसी मशीनें।

### कहां कितनी मशीनें

बता दें कि संभाग के सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कुल 111 सीबीसी मशीनें सप्लाई की गई है। इनमें से 53 मशीनें ही काम कर रही है जबकि 58 मशीनें थी। सरगुज जिले की बात की जाए तो यहां कुल 34 मशीनें दी गई थी जिनमें से 17 मशीनें चालू है और 17 लॉक थी। इसी तरह सूरजपुर जिले में 47 सीबीसी मशीनें दी गई थी जिनमें से 28 मशीनें चल रही है जबकि 19 मशीनें लॉक थी। इसी तरह बलरामपुर जिले में 30 सीबीसी मशीनें सप्लाई हुई और इनमें से सिर्फ 8 मशीनें ही अभी काम कर रही है जबकि 22 मशीनें बन्द पड़ी हुई थी। अब इन सभी मशीनों को एक बार फिर से शुरू कर दिया गया है जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी भी इनमें से कुछ मशीनें लम्बे समय तक बंद रहने के कारण खराब हो गई और अब उनमें सुधार की गुंजाइश नहीं है।

### नई कंपनी करेगी री एजेंट की सप्लाई

बताया जा रहा है कि प्रदेशभर में अस्पतालों में जांच का जिम्मा अब एचएलएल कंपनी को दे दिया गया है और अब यही कंपनी शासकीय अस्पतालों के साथ मिलकर जांच सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। इसी कंपनी द्वारा अस्पतालों में बंद पड़ी मशीनों के लिए री एजेंट की सप्लाई भी की गई है। ऐसे में अब देखना यह है कि शासकीय अस्पतालों में कितने दिनों तक यह सुविधाएं एक बार फिर से सुचारू रूप से चल पाती है।

### शुरू हो गई है मशीनें

स्वास्थ्य केन्द्रों में बंद पड़ी मशीनें एक बार फिर से शुरू हो गई है। शासन के निर्देश पर निजी कंपनी ने मशीनों में सुधार का कार्य किया है। इसके साथ ही कंपनी द्वारा री एजेंट की सप्लाई की जा रही है।

-पीएस मार्को
सीएमएचओ

## मानव वध मामले में पिता-पुत्र को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आपराधिक मानव वध मामले में पिता-पुत्र को दी 10-10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मृतक जगरनाथ को उसके पिता व भाई ने पहले हाथ पैर बांधा फिर घर के सामने पेड़ में उल्टा लटका कर बेदम पिटाई की जिससे गंभीर रूप से घायल हुए जगरनाथ की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी।

■ भाई व पिता ने पेड़ में उल्टा लटका किया था जानलेवा हमला

जानकारी के अनुसार ग्राम पर्री निवासी धीरसाय सिंह ने थाना कोतवाली में 27 मई 2024 को सूचना दिया था कि 26 मई को पड़ोसी शांतिबाई ने उसे बताया कि जगरनाथ को उसके पिता राम भरोष एवं उसका भाई शिवचरण अपने घर के बाहर आम पेड़ में उल्टा लटकाकर मारपीट कर रहे है और वहीं बैठे है। साथ की किसी को भी बीच बचाव करने नहीं दे रहे है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तब तक जगरनाथ घायल हालत में पेड़ में उल्टा लटका हुआ था। घायल को पेड़ से उतार संजीवनी 108 से अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो आरोपी पिता-पुत्र ने बताया कि हमेशा बहुत परेशान करता था इसलिए मारपीट कर उल्टा लटकाये हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 302, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की विवेचना थाना प्रभारी विमलेश दुबे द्वारा की गई। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोपी रामभरोष सिंह आ. हरकलाल (55 वर्ष) व शिवचरण सिंह आ. रामभरोष (33 वर्ष)को गिरफ्तार कर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक केके नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय 7 अप्रैल को प्रकरण के आरोपियों के विरुद्ध हत्या कारित किए जाने का अपराध प्रमाणित न पाते हुए उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आपराधिक मानव वध का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी रामभरोष सिंह व शिवचरण सिंह को धारा 304, 34 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध हेतु 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### खबर संक्षेप



### कोटपा अधिनियम के तहत पान ठेलों पर चालानी कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं कलेक्टर सरगुजा के आदेशानुसार जिले में 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा, शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 मई को सरगुजा जिले में संयुक्त जांच टीम द्वारा पान ठेलों पर कार्रवाई करते हुए कोटपा अधिनियम के तहत 22 पान ठेलों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 1800 रूपए की चालान राशि वसूल की गई। जांच के दौरान दुकानदारों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सुरक्षित रख-रखाव एवं धूम्रपान निषेध संबंधी चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों का विक्रय नहीं करने हेतु सख्त हिदायत दी गई। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिले में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर कोर्ट ने लगाया 11 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले युवक पर न्यायालय ने 11 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। आरोपी बाइक चालक पुलिस द्वारा चेकिंग के लिए रोकने के बाद भी फरार हो गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को बतौली पुलिस टीम द्वारा देवरी रोड पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान टीवीएस अपाचे बाइक का चाक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने जब बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रुका। ऐसे में पुलिस ने लुंड्रा के उरदर निवासी 29 वर्षीय सोनू कुमार आ. महादेव राम के खिलाफ धारा 185, 3/181, 29/194 (डी) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने युवक का डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर, अपाचे वाहन को जब्त करने के साथ ही प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा 5 मई को आरोपी बाइक चालक को धारा 185, 3/181, 29/194 (डी) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 11 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर की सक्रिय भूमिका रही।

## अचार खरीदने के बहाने दुकान में आए चोरों ने काउंटर से उड़ाए 1.70 लाख, सीसीटीवी में कैद हुई घटना


हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

नगर के बीच स्थित पतंजली स्टोर से दिन दहाड़े पौने दो लाख रूपए की उठाई गिरी का मामला सामने आया है। अपराधी दुकान में अचार खरीदने के लिए आए थे। इस दौरान एक नकाबपोश ने व्यवसायी को सामान निकालने के लिए अपनी बातों में उलझाए रखा जबकि दूसरा आरोप काउन्टर खोलकर 1 लाख 70 हजार रूपए नगदी उठाकर फरार हो गया। इस घटना के बाद हडकंप मच गया है। उठाईगिरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है लेकिन अब तक आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका है।

■ पतंजलि स्टोर में दिनदहाड़े हुई उठाई गिरी, जांच जारी

बताया जा रहा है कि बतौली थाना रोड में संकटमोचन गुप्ता की पतंजली स्टोर्स के नाम से दुकान संचालित है। बुधवार को व्यवसायी संकटमोचन गुप्ता भारतीय स्टेट बैंक से सुबह 11.30 से 12 बजे के बीच 1 लाख 70 हजार रूपए निकालकर लाए थे। संचालक ने पौने दो लाख रूपए की गड्डियों को दुकान के काउन्टर में रखा था। इसी समय दुकान में दो अन्य युवक मौजूद थे जो सरसों तेल खरीदने के लिए आए थे और तेल लेने के दौरान उन्होंने संचालक को नगदी रूपए काउन्टर में रखते हुए देख लिया था। इस दौरान चोरों को काउंटर से रूपए निकालते नहीं बना। ऐसे में दोनों युवक एक बार फिर से दुकान में आए और संचालक संकटमोचन गुप्ता से अचार मांगा। संचालक जैसे ही अचार लेने के लिए गए उनमें से एक नकाबपोश युवक संचालक को अपनी बांतों में उलझाए रखा जबकि सफेद शर्ट पहने हुए युवक ने काउंटर खोलकर 1 लाख 70 हजार रूपए की गड्डी को लेकर दुकान से बाहर निकल गया। अपने साथी के जाते हुए नकाबपोश युवक भी दुकान से बाहर निकल गया और दोनों बाइक पर बैठकर फरार हो गए।





सीसीटीवी कैमरे में कैद संदिग्ध चोर।

### पेमेंट करने काउंटर खोला तो उड़े होश

अपराधियों ने इतनी सफाई से काउंटर से रूपए पार किए थे कि व्यवसायी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। घटना के लगभग दस मिनट बाद संकटमोचन गुप्ता ने जब पेमेंट करने के लिए काउंटर खोला तो उसके होश उड़ गए। काउंटर में रूपए नहीं थे। ऐसे में उन्होंने अपने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जिससे बाद उन्हें पता चला कि दिनदहाड़े युवकों ने उनके काउंटर से रूपए की उठाईगिरी की है। इस घटना के बाद संचालक सदमें में है।

### सोल्ड बाइक में सवार, चेहरे पर काला नकाब बांधे थे चोर

संचालक ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार चोर बिना नम्बर की सोल्ड होंडा साइन बाइक से आए थे। इनमें से एक युवक एक युअक चेक शर्ट, काला चश्मा और काला मास्क पहने हुए था जबकि दूसरा युवक सफेद रंग का शर्ट पहना था जो काउंटर से बड़ी चालाकी से लाखों रुपए निकाल रफू चक्कर हो गया। संभावना यह भी जताई जा रही कि दोनों चोर बैंक से ही संकटमोचन गुप्ता का पीछा कर रहे थे। बतौली में दिन दहाड़े ही लाखों की उठाई गिरी की घटना से दहशत का माहौल है।

### चल रही है तलाश

घटना की सूचना मिली है। मामले में अपराध दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी सरगुजा

## ब्राउन शुगर बिक्री के आरोप में आरोपी को कैद

**अंबिकापुर।** ब्राउन शुगर बिक्री के आरोप में आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 6 माह 24 दिन की सजा दी और पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को समायोजित करने का निर्देश दिया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितम्बर 2020 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोधनपुर पानी टंकी के समीप एक युवक अवैध मादक पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही युवक खालपारा निवासी 34 वर्षीय प्रकाश गुप्ता आ. शिवनरायण गुप्ता को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान युवक के हाफ पेंट की जेब से पीले रंग की प्लास्टिक पालीथिन में ब्राउन शुगर बरामद किया गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। ब्राउन शुगर के इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के पीठासीन अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई। सुनवाई में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने की। इस दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे सजा सुनाई। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार आरोपी के न्यायिक अभिरक्षा में 22 सितम्बर 2020 से 15 अप्रैल 2021 तक कुल 6 माह 24 दिन की अवधि बिताई है। कोर्ट ने आरोपी को बिताए गए कारावास की अवधी को समायोजित करने के साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।


# कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

.............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

**नोट :** - (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


## ऑटो रिपेयरिंग दुकान में लगी आग

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में नगर पंचायत बिश्रामपुर के माईनर्स कॉलोनी स्थित दीपक ऑटो रिपेयरिंग सेंटर में मंगलवार की रात को अचानक आग लग गई, घटना में गैरेज के भीतर रखा ऑटो पाट्र्स का सामान सहित कई वाहन जलकर खाक हो गए। घटना में दुकान संचालक को करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान होने की खबर है, दुकान संचालक किशोर सूर्यवंशी ने बताया कि बीती रात अचानक उनके दुकान में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने फोन से दी जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि आग पूरी तरह भड़क चुकी थी, आग से दुकान के भीतर रखे गये पुरानी गाड़ियों समेत पाट्र्स सभी जलकर खाक हो गए हैं।





## खबर संक्षेप

### पुष्पा होंगी कोरिया की नई कलेक्टर



**बैकुण्ठपुर।** राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरदबल के तहत आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश 6 मई को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश जारी किया गया। इसमें कोरिया एवं एमसीबी जिले के कलेक्टर भी प्रभावित हुए हैं, वहीं एमसीबी जिले के कलेक्टर संतन देवी जांगडे जो एमसीबी जिले की पहली महिला कलेक्टर होंगी तथा कोरिया के नए कलेक्टर सुश्री पुष्पा साहू होंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी का स्थानांतरण कलेक्टर बलरामपुर रामानुजगंज के रूप में हुई, वहीं कलेक्टर एमसीबी डी.राहुल वेंकट को आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास तथा सचिव लोक सेवा आयोग की जिम्मेदारी दी गई।

### हाई व हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा आज से

**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 7 मई से प्रारंभ होने जा रही है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिले में परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### 25 मई को मानस भवन में लगेगा शिविर

**बैकुण्ठपुर।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरिया द्वारा 25 मई को नगर पालिका बैकुंठपुर में सुशासन त्योहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन मानस भवन में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण एक्का ने बताया कि शिविर में नगर के सभी वार्डों के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविर की विशेषता यह रहेगी कि जिला प्रशासन के सभी प्रमुख विभाग एक ही स्थान पर अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां नागरिक अपनी समस्याएं सीधे दर्ज करा सकेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। संवाद से समाधान की भावना के साथ यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास है। इस दौरान नगर के समग्र विकास को लेकर नागरिकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। जिससे भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं सीएमओ श्री एक्का ने शिविर में शामिल होने की अपील की है। प्रशासन द्वारा शिविर की सफलता के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शिविर में डिजिटल सेवाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। नागरिकों को ऑनलाइन आवेदन, पेंशन, राशन कार्ड, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए मौके पर ही सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### नवागढ़ में ग्राम पटेल संघ की बैठक 8 को

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पटेल संघ की बैठक शुक्रवार 8 मई को नवागढ़ में आहूत की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार राठौर ने बताया कि ग्राम पटेल संघ की बैठक 8 में को दोपहर 12 बजे जनपद कार्यालय नवागढ़ के पीछे होगी उन्होंने संघ के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी से बैठक में शामिल होने अपील की है।

### 20 पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्तियो तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सक्ती जनपद पंचायत के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला लहंगा में 6 मई 2026 को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा।

---

वन क्षेत्र परिक्षेत्र देवगढ़ रेंज का मामला

# गजराज दल का आतंक : घर में घुसकर विधवा को कुचल डाला, इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत





कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में हाथियों के दल ने एक बार फिर दहशत फैला दी है। 5 मई की देर रात शेराडांड गांव में गजराजों के झुंड ने एक विधवा महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका सनबसिया उम्र लगभग 58 वर्ष पति स्व. बृजलाल चेरवा, मूलतः ग्राम चंदहा की निवासी थीं, जो शेराडांड जंगल में झोपड़ीनुमा घर बनाकर अकेले रह रही थीं। देर रात हाथियों का दल उनके घर के पास पहुंचा और झोपड़ी को तोड़ते हुए महिला को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वन परिक्षेत्र देवगढ़ के एसडीओ एसके पांडे और रेंजर उमेश पैकरा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर ने अपने निजी वाहन से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत पहुंचाया और आवश्यक कार्रवाई कराई गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों को तात्कालिक राहत के रूप में 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। वन विभाग ने आगे की मुआवजा प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। इस घटना के बाद पूरे वनांचल क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रात में घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, जंगल की ओर न जाने और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाथियों का दल लगातार विचरण कर रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों को सुरक्षित स्थान पर खदेड़ने और स्थायी समाधान की मांग की है।

## शौच के लिए निकले बुजुर्ग को तेंदुए ने बनाया शिकार

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत भरतपुर विकासखंड के कुंवारपुर वन परिक्षेत्र स्थित डोंगरी टोला (चांटी) में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शौच के लिए घर से बाहर निकले एक बुजुर्ग को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कुंवार पिता बोड़ा उम्र लगभग 55 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे घर से बाहर शौच के लिए निकले थे, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुआ उन्हें घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया, जहां उसने उन्हें अपना शिकार बना लिया। काफी देर तक जब बुजुर्ग घर नहीं लौटे तो परिजन और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की, इसके बाद जंगल के भीतर उनका शव बरामद हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी महसूस की जा रही थी। कई बार मवेशियों पर हमले की घटनाएं भी सामने आई थीं, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यदि समय रहते निगरानी बढ़ाई जाती और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जाते, तो आज एक निर्दोष व्यक्ति की जान नहीं जाती। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जाता, तब तक वे खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। तेंदुए की तलाश के लिए ट्रैकिंग की जा रही है ।



# वाटर प्लांट और आइसक्रीम पार्लरों पर औचक जांच

**नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग शासन के निर्देशानुसार जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही छग का आधार अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री और मानक गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत सोमवार को अभिहित अधिकारी नीलम ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने डुमरिया, पटना और बैकुंठपुर क्षेत्र में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माताओं एवं विक्रेताओं के लगभग 7 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान लाइसेंस, मेडिकल फिटनेस, वॉटर टेस्टिंग, पैकेजिंग मटेरियल रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल, बिल रिकॉर्ड सहित आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। मंगलवार को बैकुंठपुर मुख्यालय के 5 आइसक्रीम पार्लरों में औचक दबिश दी गई। निरीक्षण के दौरान आइसक्रीम को निर्धारित तापमान में रखने, थर्मामीटर लगाने, पिघली हुई आइसक्रीम को दोबारा न बेचने तथा एफआईएफओ नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में 5 मई को औषधि प्रकोष्ठ की टीम ने दवा दुकानों का निरीक्षण किया।




## मिश्रित फलदार पौधरोपण पर किए लाखों खर्च

**बैकुण्ठपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए मनरेगा योजना के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए ,लेकिन रोपे गए पौधों की उचित देख-रेख नहीं किए जाने के कारण कुछ जगहों पर लाखों फूंकने के बाद धरातल सूखी ही दिखाई दे रही है, कुछ वर्ष पूर्व रोपे गए रोपड़ स्थल पर आज हरियाली नजर नहीं आती।

- **रोपण स्थल पर हरियाली नहीं**

जिले के विभिन्न पंचायतों अंतर्गत पौधरोपण कार्य की जांच कराई जाए तो भारी गड़बड़ी उजागर हो सकती है, जहां पर्यावरण संरक्षण एवं मानव रोजगार देने के लिए लाखों रूपए फूंके, लेकिन रोपण स्थल पर जमीन सूखा पड़ा है। इसी तरह का हाल जनपद सोनहत अंतर्गत वन ग्राम आनंदपुर की है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगई के आश्रित ग्राम आनंदपुर में वर्ष 2021 में मनरेगा के तहत मिश्रित फलदार पौधों का रोपण किया गया था, वहां आज लगभग 5 साल में लगाए गए पौधे नजर नहीं आते जमीन सूखी पड़ी है। जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदपुर में 19.44 लाख रूपए की लागत से मिश्रित फलदार पौधे रोपने के कार्य के लिए एजेंसी ग्राम पंचायत नौगई को बनाया गया था, पौधरोपण स्थल पर आज खाली भूमि ही दिखाई देती है, फलदार पौधे एक भी दिखाई नहीं देते।



### जिम्मेदारों की भी मिलीभगत

मनरेगा के तहत ग्राम आनंदपुर में लाखों खर्च कर मिश्रित फलदार पौधरोपण का कार्य किया गया, लेकिन आज एक भी पौधे जीवित नहीं बचे हैं, जबकि तकनीकी सहायक व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्य का भौतिक सत्यापन कर भुगतान की स्वीकृति दे दी और राशि आहरित कर लिया गया जो सीधे तौर पर मिली भगत की ओर इशारा करता है।

### रोपण में रूची संरक्षण में नहीं

ग्राम पंचायत आनंदपुर में लाखों रूपए मनरेगा के तहत खर्च कर मिश्रित फलदार पौधे वर्ष 2021 कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत नौगई द्वारा उत्साह के साथ विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया, इसके लिए भारी भरकम सरकारी राशि खर्च की गई, लेकिन लगाए गए पौधों की देख भाल व सुरक्षा यानी रोपित पौधों की संरक्षण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई, इसके चलते आज लगभग 5 वर्ष रोपण स्थल पर एक भी फलदार पौधे नहीं दिखाई देते।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र में आईटी. असिस्टेंट पद के लिए आवेदन 1 तक

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से "मिशन शक्ति" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत राज्य स्तर पर महिला सशक्तिकरण केंद्र हब (एसएचईडब्लू ) तथा प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र हब (डीएचईडब्लू ) स्थापित किए गए हैं। मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 1 संविदा पद की पूर्ति के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत आई.टी. असिस्टेंट के एक पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 1 जून तक निर्धारित की गई है। आवेदन कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला सक्ती में स्वीकार किए जाएंगे।

## जनकपुर नपं में अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहारी 2026 के सफल आयोजन को लेकर नगर पंचायत जनकपुर द्वारा विस्तृत आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम शिविर 12 मई, द्वितीय शिविर 19 मई तथा तृतीय शिविर 26 मई को आयोजित होगा। इन शिविरों में वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा बाद में समाधान शिविरों के माध्यम से उनका निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए पवन कुमार साहू उप अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अन्य कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमे लेखापाल शिव प्रकाश उर्मलिया, मो. हबीब खान, दीपक कुमार सोंधिया, डाटा एंट्री ऑपरेटर संतोष कुमार सिंह, रूपेश समुद्रे, स्वच्छता कमांडो अनिल कुमार केवट, पंप ऑपरेटर मो. शाहिद खान एवं प्रकाश द्विवेदी शामिल हैं। इन कर्मचारियों को शिविरों में आम जनता से आवेदन प्राप्त करने, उन्हें पंजीबद्ध करने, ऑनलाइन दर्ज करने तथा शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा शिविर स्थल पर सामग्री व्यवस्था, जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जिम्मेदारी भी तय की गई है। शिविरों का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्र न्यू बस स्टैंड, हरिजन पारा तथा खाल्हेपारा में किया जाएगा, जहां सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आम नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुशासन तिहारी 2026 के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।




## महाविद्यालय के पीछे स्टेडियम के पास संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव


**अकलतरा।** नगर के इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय के पीछे पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के पास एक 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रूपेश चौहान पिता– शेखर चौहान के रूप में हुई है, जो कॉलेज के पास ही निवास करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रूपेश चौहान का शव सोमवार सुबह महाविद्यालय के बगल एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। सुबह करीब छह बजे मोहल्ले के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मृतक की मां ने बताया कि रूपेश पिछले तीन महीनों से रायपुर में मिस्त्री का काम कर रहा था और एक दिन पहले ही घर लौटा था। शाम को घर में खाना खाने के बाद वह बाहर निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। सुबह उसकी मौत की खबर मिली। परिजनों के अनुसार, रूपेश के पिता लंबे समय से बीमार रहते हैं। परिवार में दो भाई और एक बहन हैं, जिनमें रूपेश दोनों भाइयों में बड़ा था। अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 8 तक

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं, 12वीं एवं ड्रॉपर बैच में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जो छात्र राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनसे अब 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं।

## शिवरीनारायण-केरा मुख्य मार्ग की ओर पहुंचा भालू, लोगों में दहशत

**तुस्मा।** पिछले दो दिनों से पामगढ़ क्षेत्र में घुम रहा भालू तीसरे दिन मंगलवार 5 मई की सुबह शिवरीनारायण केरा रोड पर नजर आया। भालू को सबसे पहले शिवरीनारायण-केरा रोड मुख्य मार्ग पर देखा गया,जहां सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों और राहगीरों की नजर उस पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों में भय का माहौल बन गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह लगभग 5 से 6 बजे के बीच भालू सड़क किनारे मुख्य मार्ग की से निकलकर झाड़ियों तरफ आता दिखाई दिया। अचानक भालू को सामने देखकर कई लोग घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। कुछ ग्रामीणों ने दूर से ही मोबाइल फोन से उसका वीडियो बनाने का प्रयास भी किया। हालांकि भालू ने किसी पर हमला नहीं किया,लेकिन आबादी वाले क्षेत्र में उसकी मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। बताया जा रहा है कि इसके बाद भालू तुस्मा बंधान तालाब क्षेत्र की ओर बढ़ गया,जहां तालाब के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने भी उसे विचरण करते हुए देखा। इसके पश्चात मुड़पार फिर केरा तरफ भी उसे सड़क किनारे देखा गया। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वन विभाग जल्द ही स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण करेगा,ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।







शिवरीनारायण- केरा मुख्य मार्ग पर दिखा भालू।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 514 आवेदन, 72 निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत मंगलवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम सोंस में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कनेर और आम के पेड़ों की ठंडी छांव में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। भीषण गर्मी को देखते हुए आयुष विभाग द्वारा पानकम शीतल पेय की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को राहत मिली। आम लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की।

- **सुशासन तिहार 2026 के तहत सोंस में आयोजन**

कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा श्रम कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाए। विधायक ने कृषि, वन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में लगे स्टालों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने ग्रामीणों से सीधे उनकी समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों को मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सौंपकर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों से एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक किसानों का यह पंजीयन जरूरी है ताकि केन्द्र व राज्य सरकार की किसान हितकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने रासायनिक खाद के बदले नैनो यूरिया, डीएपी को अपनाने की बात कही साथ ही मृदा परीक्षण कराने के लिए किसानों को प्रेरित की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदारों को शिविर स्थल पर ही आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र वितरण सुनिश्चित करने को कहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान हितग्राहियों को एचपीवी कार्ड, आयुष्मान एवं वय वंदन कार्ड, पोषण आहार बॉक्स, श्रमिक पंजीयन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत मकान की चाबी एवं प्रमाण पत्र, मछली जाल और आइस बॉक्स का वितरण किया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में शुगर, बीपी सहित अन्य बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई। पशुपालन विभाग ने बकरी, कुक्कुट पालन, दुग्ध उत्पादन और पशु रोगों से बचाव की जानकारी दी। पुलिस विभाग ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। वहीं उद्योग विभाग ने विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण की जानकारी दी। शिविर स्थल पर शासकीय योजनाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसने लोगों का ध्यानाकर्षित किया। क्लस्टर स्तर पर आयोजित इस शिविर में पटमा, गणेशपुर, जिलीबांध, तामडांड, कदमबहरा, बंजारीडांड, गढ़तर, गोविंदपुर, सोंस, करवां, चिरमी, पडिता, खंधौरा और इंदरपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



### औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने दर्जनों मेडिकल संस्थानों में दी दबिश

**जांजगीर-चांपा।** औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सक्ती जिले के दर्जनों मेडिकल संस्थानों में दबिश दी। इस दौरान क्रय विक्रय दस्तावेज और लायसेंस की जांच की गई। ज्ञात हो कि सक्ती जिले में औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त और राजस्व विभाग की टीम ने मेडिकल दुकान सूरजभान मेडिकल स्टोर, सोनकेसरिया मेडिकल स्टोर, समृद्धि मेडिकल स्टोर,डालमिया मेडिकल स्टोर, श्याम मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, अभिषेक फार्मा, ममता मेडिकल स्टोर और रतेरिया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। दुकानों में सघन रूप से दवाओं के क्रय-विक्रय दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर और लाइसेंस की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रतेरिया मेडिकल स्टोर्स से 1 औषधि का नमूना जांच के लिए लिया गया। सभी दवा दुकानों को बिना पर्ची के नारकोटिक्स की दवा को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पर्ची की कॉपी भी अपने पास संधारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## एक ही जिले में कई लापता मामलों ने बढ़ाई चिंता

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अलग-अलग समय पर लापता हुए कई युवाओं और एक युवती के मामलों ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है। लंबे समय बीत जाने के बाद भी इन सभी का कोई सुराग नहीं मिल पाने से परिजन की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

- **पुलिस ने तेज की खोज, आमजन से सहयोग की अपील**

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एक साथ सभी प्रकरणों में खोजबीन तेज कर दी है और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चिरमिरी एवं झगराखण्ड क्षेत्रों में दर्ज गुम इंसान प्रकरणों में कई लोग वर्षों से लापता हैं। इनमें 26 वर्षीय विनोद कुमार प्रजापति निवासी चित्ताझोर पोंडी क्षेत्र शामिल हैं, जो कदमहारा से कोरिया जाने के दौरान हल्दीबाड़ी टैक्सी स्टैंड से लापता हो गए थे, इसके अलावा 30 वर्षीय अजय कुमार निवासी गोदरीपारा जो रायपुर के सिलतरा स्थित स्टील प्लांट में कार्यरत था, लगभग 6 वर्ष पूर्व अचानक लापता हो गया। वहीं 18 वर्षीय सुनील कुमार सिंह निवासी आजाद नगर गोदरीपारा जो पारिवारिक विवाद के बाद घर छोड़कर चला गया था,उसका भी अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। 18 वर्षीय युवती हिना केवट निवासी झगराखण्ड, जो 23 दिसंबर 2025 को काम पर जाने के लिए घर से निकली थी, वह भी आज तक वापस नहीं लौटी। इन सभी मामलों में परिजन द्वारा रिश्तेदारों, परिचितों एवं संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की गई, लेकिन कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस ने भी प्रारंभिक जांच के बाद अब एक बार फिर सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सतर्क करते हुए खोज अभियान तेज कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को भी इन लापता व्यक्तियों के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है।

## खबर संक्षेप



### एमएससी वनस्पति शास्त्र विद्यार्थियों हेतु हुआ एक दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण

**रामानुजगंज।** शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग अंतर्गत एमएससी द्वितीय सेमेस्टर के 33 विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष एसबी यादव एवं अतिथि व्याख्याता एमडी आकिफ के मार्गदर्शन में जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र अंबिकापुर में आयोजित एक दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रशांत कुमार शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के मशरूमों खाद्य एवं अ-खाद्य की पहचान, उनकी उत्पत्ति, संरचना एवं उपयोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान ऑयस्टर मशरूम के वैज्ञानिक उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया को क्रमबद्ध रूप से समझाया गया। इसमें प्रयोगशाला में मदर स्पॉन एवं सिस्टर स्पॉन तैयार करने की विधि, उनके संरक्षण एवं उपयोग, तथा उत्पादन की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त धान एवं गेहूं की भूसी में मशरूम उत्पादन की तकनीक, आवश्यक सावधानियाँ, स्वच्छता प्रबंधन, लागत एवं लाभ का विश्लेषण तथा कम निवेश में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपायों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। डॉ. शर्मा ने मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार का एक प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

### जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार, घर-घर पहुंचकर जानकारी जुटा रहे प्रगणक

**रामानुजनगर।** तहसील रामानुजनगर अंतर्गत इन दिनों जनगणना का कार्य तेज गति से संचालित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार नियुक्त प्रगणक घर-घर पहुंचकर प्रत्येक परिवार की विस्तृत जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के तहत परिवार के सदस्यों की संख्या, मकान का स्वरूप,शौचालय, रेडियो, टीवी, मोबाइल, कार, बाइक सहित अन्य आवश्यक जानकारियां सावधानीपूर्वक दर्ज की जा रही हैं। चार्ज अधिकारी मनहरण सिंह राठिया ने बताया कि क्षेत्र के सभी 211 एचएलबी में जनगणना कार्य प्रारंभ हो चुका है और लगातार प्रगति पर है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 17 एचएलबी का कार्य पूर्ण भी किया जा चुका है, जबकि शेष कई क्षेत्रों में कार्य अंतिम चरण की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रारंभिक चरण में कुछ स्थानों पर नजरी नक्शा तैयार करने में समय लगने के कारण कार्य शुरू होने में थोड़ी देरी हुई थी, लेकिन अब सभी क्षेत्रों में कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। प्रगणकों ने बताया कि शुरुआत में जनगणना कार्य को लेकर कुछ तनाव एवं संशय की स्थिति थी, लेकिन प्रशिक्षण एवं अनुभव के बाद अब यह कार्य काफी सरल और व्यवस्थित लगने लगा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का अच्छा सहयोग मिल रहा है, जिससे कार्य में तेजी आई है और टीम उत्साहपूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। प्रगणक योगेश साहू ने ग्रामवासियों से कहा कि जनगणना के दौरान सही, स्पष्ट एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें ताकि एकत्रित आंकड़े सटीक हो सकें। उन्होंने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के उचित वितरण एवं शासन की नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। स्थानीय प्रशासन द्वारा भी लगातार इस कार्य की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## आवागमन हुआ मुश्किल, आए दिन फंस रहे वाहन

# जोरीमोड़-बबौली ग्रामीण सड़क के खतरनाक गड्ढों से बढ़ी यात्रियों की समस्या


निर्माणाधीन सड़क।


जर्जर सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

**खास बात**
- छोटा मार्ग होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री करते हैं सफर

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित जोरीमोड़-बबौली सड़क की हालत पिछले दो सालों से बदहाल है। सड़क में बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बनने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। साथ ही दो पहिया सवार गिरकर दुर्घटना के शिकार बन रहे है। क्षेत्रवासी लगातार विभाग से सड़क को दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं लेकिन विभाग सड़क को सुधारने की पहल नहीं कर रहे है।

वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत शासन द्वारा जोरीमोड़-बबोली सड़क का निर्माण 32.21 लाख की लागत से कराया गया था।सीमावर्ती बलरामपुर-रामानुजगंज सहित यूपी, बिहार एवं झारखण्ड जाने के लिए जोरी मोड़-बलरामपुर कच्ची सड़क का उपयोग करते थे। छोटा मार्ग होने के कारण पड़ोसी जिलों के यात्री भी इसी मार्ग से आना-जाना करते थे। यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए जनप्रतिनिधियों की पहल पर 15 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत तीन खण्ड में 19 किमी लम्बी पक्की सड़क का निर्माण किया गया। पक्की सड़क बनने के बाद अम्बिकापुर-रायगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 से गुजरने वाले वाहन चालक भी इसी मार्ग का उपयोग करने लगे। इधर अम्बिकापुर- रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण होने के कारण मार्ग से आवागमन करने वाले वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। दूसरी तरफ मरम्मत के अभाव में सड़क में एक साल पूर्व से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। लगातार शिकायतों के बाद विभाग ने कुछ स्थानों पर पेच रिपेयरिंग की भी खानापूर्ति कराई लेकिन खतरनाक गड्ढों की मरम्मत नहीं हो सकी। बरसात के दौरान जगह-जगह पानी भरने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के बाद सड़क की हालत ऐसी हो गई कि वाहन चलाना तो दूर पैदल चलने में भी परेशानी होने लगी। इस दौरान गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग पर अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार की मौत होने का हवाला देकर चुप्पी साध ली। सड़क के जर्जर होने के बावजूद अभी भी बड़ी संख्या में लोग अपनी चार पहिया वाहनों से लगातार सफर कर रहे हैं साथ ही सड़क पर ट्रक भी चल रहे है। सड़क की बदहाली से परेशान कुछ ग्राम पंचायतों ने अपने क्षेत्र में सड़क के गड्ढों को भरवाया है। लोगों का कहना है कि अमदरी-बलरामपुर की सड़क ठीक है। जोरी मोड़ से बबौली की 4.40 किमी लम्बी सड़क को दुरूस्त कर दिया जाए तो आवागमन में काफी सुविधा होगी।

### ग्राम पंचायतों को भरवाना पड़ा मुरूम

आवागमन की समस्या, ग्रामीणों के भारी विरोध एवं अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधने के बाद ग्राम पंचायत बबौली एवं कुदर के पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत की निधि से सड़क के खतरनाक गड्ढों को मुरूम से पटवाकर चलने लायक बनाया है। आगे की सड़क से दूरी होने के कारण गड्ढों की मरम्मत कराने में ग्राम पंचायतें भी रुचि नहीं ले रही है। इधर सड़क के गड्ढों के कारण वाहनों में टूट-फूट हो रही है तथा आए दिन चार पहिया वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं। दो पहिया सवार भी दुर्घटना के शिकार बन रहे है। गड्ढों की जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### तीन चरणों में निर्माण

पीएमजीएसवाई द्वारा जोरीमोड़-बलरामपुर सड़क का निर्माण तीन चरणों में कराया गया है। प्रथम चरण में जोरीमोड़- बबौली सड़क का निर्माण कराया गया था जबकि दूसरे एवं तीसरे चरण में बबौली अमदरी एवं अमदरी-बलरामपुर सड़क का निर्माण कराया था। प्रथम चरण में निर्माण होने के कारण जोरीमोड़-बबौली सड़क दो साल पूर्व ही बदहाल हो गई जबकि बाद में बनी आगे की सड़क दुरूस्त है। यात्रियों का कहना है कि मुख्य मार्ग से यात्रा करने पर बलरामपुर के लिए 82 किमी का सफर करना पड़ता है जबकि जोरीमोड़ से बलरामपुर की दूरी मात्र 19 किमी होने के कारण समय एवं इंधन की बचत होती है।

### भेजवाया है प्रस्ताव

दो दिन पूर्व ही मैंने सड़क का निरीक्षण किया है। सड़क की हालत ठीक नहीं है। विभाग द्वारा जोरीमोड़ से बबौली तक की सड़क का नवीनीकरण करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

-लक्ष्मी ठाकुर
उपयंत्री, पीएमजीएसवाई


तस्करों द्वारा काटे गए पेड़।

# तस्कर अब बेखौफ होकर बिना अनुमति निजी भूमि से काट रहे पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- विरोध करने पर दी धमकी, ग्रामीण ने की शिकायत

क्षेत्र में सक्रीय लकड़ी तस्कर अब बिना अनुमति ही लोगों की जमीन पर अलगे सेमर के पेड़ों को काटने पर उतारू हो गए है। इस दौरान विरोध करने पर तस्करों द्वारा भूमि स्वामी को जान से मारने की धमकी देकर डराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी होने के बाद भी अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। ऐसे में अब भूमि स्वामी ने मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि क्षेत्र में अंतर्राज्यीय तस्करों का आतंक चरम पर है। तस्कर और उसके गुर्गे भोले भाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर उनके पेड़ों की कटाई कर रहे थे लेकिन अब वे बिना अनुमति ही किसी भी ग्रामीण की जमीन पर लगे हुए पेड़ों को काटकर तस्करी कर रहे है। इस दौरान यदि ग्रामीण विरोध करता है तो उसे पहले रूपए का लालच देकर चुप कराने का प्रयास किया जाता है लेकिन यदि कोई लालच में नहीं आए तो उसे जान से मारने, उठा लेने की धमकी देकर पेड़ों की कटाई की जा रही है। ऐसा ही मामला क्षेत्र के रायकेरा से सामने आया है। रायकेरा केनापारा निवासी मेघनाथ राम के अनुसार उसके द्वारा अपने पुश्तैनी जमीन पर समर प्रजारी का पेड़ सुरक्षित रखा था लेकिन सप्ताह भर पहले आतंक के दम पर अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर के गुर्गों ने प्रशासन की अनुमति के बिना उसे कटवा दिया। हद तो तब हो गई जब पेड़ कटवाने से पहले उन्होंने भूस्वामी तक को जानकारी देना उचित नही समझा। इस बात की भनक लगते ही भूस्वामी विरोध पर उतारू हो गया और बिना जानकारी के पेड़ की कटाई का विरोध करने लगा। भूस्वामी का विरोध देख लकड़ी तस्करों ने पहले तो उसे पैसों का प्रलोभन दिया पर जब बात पैसों से नही बनी तो धमकी पर उतर आये।

लकड़ी तस्करों को लगा कि उनकी धमकी से बात बन जायेगी पर भूस्वामी भी टस से मस नही हुआ। भूस्वामी ने लकड़ी तस्करों की धमकी को नजरअंदाज कर अनुमति पर रोक लगाने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। भूस्वामी ने अनुमति पर रोक लगाने समेत अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है ताकि क्षेत्र में इनके बढ़ते आतंक एवं अवैध रूप से हो रही लकड़ी कटाई पर रोक लग सके।

इस संबंध में एसडीएम फागेश सिन्हा ने बताया कि इस संबंध में सूचना मिलते ही उचित कार्यवाही की जायेगी।



# हाथियों ने चोरकीपानी में तोड़ा ग्रामीण का घर, मक्के की फसल को रौंदकर किया तबाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- लगातार आबादी क्षेत्र में मचा रहे तबाही

बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम चोरकीपानी में जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने एक ग्रामीण के घर में तोड़फोड़ कर खण्डहर बना दिया तथा घर में रखा अनाज चट कर गए।

मैनपाट में भ्रमण कर रहे 14 सदस्यीय हाथी शाम ढलते ही अलग-अलग दलों में बंटकर भोजन की तलाश में निकल जा रहे हैं तथा आबादी क्षेत्र में पहुंचकर भारी तबाही मचा रहे हैं। बीती रात दल के चार हाथी ग्राम पंचायत बरडांड अंतर्गत चोरकीपानी बस्ती में पहुंच गए। गांव की गलियों में घूमने के बाद हाथियों ने चोरकीपानी निवासी भानुप्रताप यादव पिता विश्वनाथ यादव के घर को घेरकर तोड़फोड़ करने लगे। हाथियों द्वारा घर को दो घंटे से अधिक समय तक घेरे रहने के कारण परिवार के सदस्य सांस रोके अपनी जान बचाने के लिए एक कमरे से दूसरे कमरे में भागते रहे। तोड़फोड़ करने के बाद हाथी घर में रखे अनाज को चट कर गए। बस्ती से बाहर निकलने के बाद हाथी सुबह होने तक मक्का की फसल को रौंदते रहे। सुबह हाथियों के जंगल की ओर जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हाथियों के अलग-अलग दलों में बंटने के कारण वन अमले को भी निगरानी में भारी परेशानी हो रही है तथा जान-माल का खतरा बढ़ गया है। भोजन चक्र में बदलाव होने के कारण खाद्यान्न की तलाश में हाथी अब आबादी क्षेत्रों की ओर आकर्षित हो रहे है।







